


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीग,सोमवार,17,नवंबर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


## Bihar: नई सरकार में BJP-JDU के 16-16 मंत्री

### चिराग, मांझी और कुशवाहा की पार्टी के इतने मंत्री, 20 को शपथ ग्रहण




बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व में नई सरकार की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कैबिनेट की बैठक के बाद राज्यपाल इस्तीफा सौंपेंगे और इसके बाद नई सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। 20 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके समेत कुल 36 मंत्री नई सरकार में मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसका फॉर्मूला तय हो चुका है। एनडीए के सभी घटक दल के नेता नीतीश कुमार से मुख्यमंत्री आवास पर जाकर मिल चुके हैं। नई सरकार में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाईटेड से 16, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से दो, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक-एक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। 24 से 48 घंटे में सभी पार्टियां अपने-अपने मंत्रियों की सूची फाइनल कर लेगी। दरअसल, रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी के एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई थी। इसमें नई सरकार के रूपरेखा पर बातचीत हुई। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह के साथ जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में किस पार्टी के कितने मंत्री होंगे? यह तय हो चुका है। इधर, एनडीए के घटक दल अपने-अपने विधायक दल के नेता चुनने की कवायत में लगे हैं। चिराग पासवान ने अपने दल का नेता राजू तिवारी को चुना है। एनडीए ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 200 से अधिक सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया। इसमें भाजपा ने अधिकतम 89 सीटें जीतीं, उसके बाद जदयू ने 85 सीटें जीतीं, जबकि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास) ने 19 सीटें हासिल की। वहीं जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तान आवाम मोर्चा से पांच और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा से चार विधायक बने।

## सऊदी अरब में बस-टैंकर की भीषण टक्कर

### उमराह के लिए गए 40 से ज्यादा भारतीयों की मौत की आशंका



सऊदी अरब में एक भीषण सड़क हादसे में 40 से ज्यादा भारतीयों की मौत की आशंका है। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। सऊदी अरब के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, हादसा मदीना के नजदीक हुआ और माना जा रहा है कि हादसे में मरने वाले भारतीय उमराह यात्री हैं, जिनमें से कई हैदराबाद के निवासी हैं।

## यूपी: बिजली बकायदारों पर सख्ती

### 50 हजार बिल होते ही काट दी जाएगी बिजली; आज से घर-घर जाएंगी टीमें



आपके घर और दुकान पर यदि 50 हजार रुपये से ज्यादा का बिल बाकी तो आपकी बिजली कभी भी गुल हो सकती है। दरअसल, वर्टिकल सिस्टम में बिजली बिल के बकायेदारों और उपकेंद्र कर्मियों के बीच कटे कनेक्शन को गुपचुप जोड़कर बिजली चालू करने के खेल को खत्म करने की तैयारी है। इसके लिए वर्टिकल सिस्टम की कलेक्शन इकाई ने 2.25 लाख बकायेदारों से बिल की वसूली कर उनकी देनदारी को शून्य करने का पहला लक्ष्य तय किया है। इन पर अनुमानित 75 करोड़ का राजस्व बकाया है। सबसे पहले उन बकायेदारों पर कार्रवाई होगी, जिन पर 50 हजार या इससे ज्यादा की देनदारी है। वह उपभोक्ता भी निशाने पर होंगे जिन्होंने पिछले छह माह से बिल का भुगतान नहीं किया है। राजधानी में सोमवार से 50 हजार रुपये के देनदारी वाली उपभोक्ताओं के घर एवं दुकान पर कलेक्शन टीम की दस्तक शुरू हो जाएगी। यह टीम बकायेदारों को बकाया रकम का बिल देकर निर्धारित अवधि में जमा करने का अल्टीमेटम देगी। तय अवधि में बिल जमा न होने पर कनेक्शन काटा जाएगा। ऐसे कटे कनेक्शन को बिल चुकाए बिना जोड़ने पर उपकेंद्र के संविदा कर्मी की नौकरी जाएगी। साथ ही, काटे गए कनेक्शन की निगरानी होगी, जिससे गुपचुप उसे जुड़वाया न जा सके।

## Trump: रूस से व्यापार करने वाले

### देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रंप सरकार, भारत की बढ़ेंगी मुश्किलें



अमेरिका का ट्रंप प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इसे समर्थन दे दिया है। रविवार को मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है।

## राम मंदिर ध्वजारोहण

### चुना गया 30 मिनट का श्रेष्ठ मुहूर्त, आठ हजार विशिष्ट मेहमान होंगे शामिल; मोबाइल फोन बैन




राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाला ध्वजारोहण समारोह स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह की गरिमा के साथ संपन्न होगा। वैदिक परंपराओं और आधुनिक शिष्टाचार के बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इसी अवधि के भीतर चुने गए 30 मिनट के श्रेष्ठ मुहूर्त में ध्वज फहराया जाएगा। यह मुहूर्त दोपहर 12 से 12:30 बजे तक होगा। समारोह की सबसे महत्वपूर्ण घड़ी वह क्षण होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत स्वतंत्रता दिवस के अनुरूप ही ध्वज फहराने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। ध्वज को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सलामी दी जाएगी। शंखनाद, ढोल-नगाड़ों और मंगल वाद्य की ध्वनि पूरे परिसर में गूंजेगी। ध्वज फहराते ही मंदिर परिसर में घंटे-घड़ियाल बजने लगेंगे।



# Aaj Ka Rashifal 17 November

## कन्या, तुला और मकर राशि वालों को धन लाभ के योग,



17 November Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 17 नवंबर 2025 का राशिफल।Aaj Ka Rashifal 17 November 2025: आज सोमवार, 17 नवंबर का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर कन्या राशि में फिर इसके बाद तुला राशि में होगा।

### मेष

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आज आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय हो, तो उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आपको अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कोई टेंशन हो सकती है। यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। कोई काम करने से आपका मन थोड़ा भटक सकता है।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपके घर-परिवार में चल रही समस्याएं भी काफी हद तक दूर होगी। आपकी अपने किसी साथी से कुछ नई योजनाओं को लेकर बातचीत होगी। पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

### मिथुन

आज आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा, क्योंकि अक्समात खराबी के कारण आपका खर्चा बढ़ सकता है। आप कहीं पिकनिक आदि पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। विद्यार्थियों को किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। आप अपनी शौक-मौज की चीजों की खरीदारी में इजाफा करेंगे, इसमें खर्च भी अधिक होगा। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा और बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें।

### कर्क

आज आपकी अपने पिताजी से किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है, क्योंकि वह बिजनेस को लेकर आपको कोई सलाह देंगे। आप अपने घर में नया काम शुरू कर सकते हैं। आप इसके लिए कोई लोन आदि भी अप्लाई कर सकते हैं। आपको अपनी शारीरिक समस्याओं को भी नजरअंदाज करने से बचना होगा। आप अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में किसी बाहरी व्यक्ति से बातचीत ना करें।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपका पूजा-पाठ में खूब मन लगेगा, लेकिन आपके परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। आप बिजनेस में आ रही समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे, लेकिन फिर भी आप किसी काम में बिना सोचे समझे आगे ना बढ़ें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होगी, लेकिन आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन खुश रहेगा।

### कन्या

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्हें किसी नई जगह काम करने का मौका मिलेगा। आपको किसी पुरानी गलती से आप सबक लेना होगा। जीवनसाथी को करियर में अच्छा लाभ देखने को मिलेगा। आप कोई इन्वेस्टमेंट भी थोड़ा सोच समझकर करेंगे, जो आने वाले समय में आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा और भाई-बहनों से कोई वाद-विवाद खड़ा हो सकता है।

### तुला

आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, आप कहीं बाहर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं, जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे थे, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। यदि आपने किसी दूसरे के भरोसे छोड़ा, तो वह लटक सकते हैं। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दें, नहीं तो कोई शारीरिक समस्या आपको टेंशन देगी।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपनी बुद्धि का प्रयोग करके कोई निर्णय लेना होगा। रचनात्मक कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपको बेवजह की भागदौड़ बनी रहेगी, जिससे आपको थकान का अनुभव होगा। संतान आपकी इच्छा के विरुद्ध कोई काम कर सकती हैं, जिससे आप दोनों के बीच रिश्ते खराब होंगे। आपका कोई सरकारी काम रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके खिलाफ षड्यंत्र रच सकता है। आप अपनी आंख व कान खोलकर काम करें, इसलिए अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा और घर में आप किसी पूजा-पाठ का आयोजन कर सकते हैं।

### मकर

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम से अपने बॉस को खुश रखेंगे, जिससे वह प्रमोशन की बात भी आगे कर सकते हैं। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। किसी सदस्य की सेहत में यदि कोई गिरावट चल रही है, तो उसके लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें।

### कुंभ

आज आपको अपने बढ़ते खर्चों को लेकर कंट्रोल करना होगा, क्योंकि आपका हाथ खुला रहेगा, जिससे आप किसी भी काम में आगे बढ़ेंगे। जो लोग किसी नए घर आदि की योजना बना रहे थे, उन्हें अपनी इनकम को ध्यान में रखकर ही काम करना बेहतर रहेगा। पारिवारिक मामलों को भी आप मिल बैठकर निपटाएं। आपको यदि कोई टेंशन थी, तो आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपकी संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर भी खरी उतरेगी।

### मीन

आज का दिन आपके लिए कोई निर्णय सोच समझकर लेने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं, नहीं तो कोई गड़बड़ी हो सकती है। बॉस को आपकी कोई बात बुरी लगेगी, इसलिए बहुत ही तोल मोल कर बोले। परिवार के सदस्यों को आप कहीं पिकनिक आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते है। आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

आज सोमवार, 17 नवंबर का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर कन्या राशि में फिर इसके बाद तुला राशि में होगा। चंद्रमा के तुला राशि में शुक्र के साथ युति बनने से कलानिधि का शुभ संयोग बनेगा। इसके अलावा कई तरह के दूसरे शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। आज के दिन कई राशि वालों के लिए शुभ और लाभदायक रहेगा वहीं कुछ राशि वालों को कष्टों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं आज का राशिफल।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है,

# आठ लोगों को लगी गोली:

## मामूली विवाद में चली गोलियां..., भैंस बुग्गी को रास्ता न मिलने पर खेला खूनी खेल



फायरिंग की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं सीओ वरुण मिश्रा अस्पताल पहुंचे और घायलों के हालत के बारे में जानकारी लेकर परिजन से घटना के बारे में जानकारी ली।यूपी के हापुड़ स्थित बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव नूरपुर में रविवार की देर शाम कार हटाने के मामूली विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद दो पक्ष आमने सामने आ गए आ गए और एक पक्ष की ओर से जमकर फायरिंग कर दी गई। गोली व छर्रे लगने से एक पक्ष के आठ लोग घायल हो गए। घायलों को आनन फानन में नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो की गंभीर हालत को देखते हुए मेरठ रेफर किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।गांव नूरपुर निवासी सुंदर ने बताया कि रविवार दोपहर बाद करीब चार बजे उसका पुत्र अमन भैंसा बुग्गी से चारा लेकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में पड़ोसी संजय व उसके भाई प्रेमपाल के घर के बाहर कार और ट्रैक्टर खड़ा था। अमन ने आरोपियों से कार और ट्रैक्टर हटाने के लिए कहा तो इसको लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि संजय और प्रेमपाल पक्ष के लोगों ने अमन के साथ मारपीट कर दी। अमन ने यह बात घर जाकर बताई तो देर शाम सुंदर पक्ष के लोग एकत्र होकर संजय और प्रेमपाल के घर के बाहर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान संजय और प्रेमपाल पक्ष के लोग लाइसेंसी बंदूक के साथ छत पर जमा हो गए और दूसरे पक्ष पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग होने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। फायरिंग में गोली व छर्रे लगने से सुंदर पक्ष के आयूष, निखिल, रवि, विजय, अनुज के अलावा आकाश, संत, और माही घायल हो गए। घायल आयूष, निखिल, रवि, विजय, अनुज को आनन फानन में हापुड़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया।

# Delhi Blast Case:

## अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन को किया तलब, दिल्ली पुलिस ने जारी किए दो समन




दिल्ली पुलिस ने फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को दो समन जारी किए हैं। यह कार्रवाई फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल केस की जांच और यूनिवर्सिटी के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी के दो मामलों से जुड़ी है। दिल्ली पुलिस ने अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी को दो अलग-अलग मामलों में समन जारी किया है। यह समन फरीदाबाद में आतंकवाद मॉड्यूल मामले और विश्वविद्यालय के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी के दो मामलों की चल रही जांच से संबंधित है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। हाल ही में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल फलाह यूनिवर्सिटी पर शिकंजा कसते हुए दो प्राथमिकी दर्ज थी। एक प्राथमिकी चीटिंग की और दूसरी फोर्जरी की दर्ज की। यूजीसी की शिकायत पर दर्ज इन मामलों के बाद पुलिस टीमें ओखला स्थित यूनिवर्सिटी ऑफिस पहुंची और कई दस्तावेज मांगे।एनएएसी और यूजीसी ने गंभीर अनियमितताएं चिन्हित की हैं। दिल्ली पुलिस ने नोटिस भी दिया। उधर, फरीदाबाद की सीआईए के पुलिसकर्मी भी ओखला ट्रस्ट व मालिक के घर पहुंचे और परिजनों के आधार कार्ड, पेन कार्ड और अन्य कागजात लिए।यूनिवर्सिटी के खिलाफ शिकायत यूजीसी ने दर्ज कराई है। एफआईआर में यूनिवर्सिटी की मान्यता और दस्तावेजों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा उठाया गया है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दो एफआईआर दर्ज करने की पुष्टि करते हुए बताया कि यूजीसी ने शिकायत में कहा है कि यूनिवर्सिटी ने यूजीसी सेक्शन-12 के उल्लंघन पर आधारित है,

# शरीर और दिमाग के लिए दिन में आठ घंटे काम करना काफी

## दीपिका बोलीं- मां बनने के बाद बदलीं कई चीजें



Deepika Padukone On Shift Hours: दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर अपने आठ घंटे काम करने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि आखिर क्यों नई माओं के लिए आठ घंटे काम करना जरूरी है।अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम की मांग करने के बाद इंडस्ट्री में एक बहस लगातार छिड़ी है। हालांकि, इसके बाद दीपिका के हाथ से 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल जैसी बड़ी फिल्में भी चली गईं। लेकिन दीपिका अपनी अपनी मांग पर कायम हैं और उन्हें इंडस्ट्री के भी कई लोगों का समर्थन मिला है। दीपिका ने ये फैसला अपनी बेटी दुआ के होने के बाद लिया है।दीपिका का कहना है कि नई मांओं को काम पर लौटने के लिए सहयोग की जरूरत होती है। इसी वजह से उन्होंने ऐसा फैसला लिया है। हार्पर बाजार इंडिया के साथ बातचीत में अपने रुख को स्पष्ट करते हुए दीपिका ने कहा कि हमने जरूरत से ज्यादा काम करना सामान्य मान लिया है। हम थकान को प्रतिबद्धता समझने

# फराह खान से लेकर विक्की कौशल तक

## सेलेब्स ने राजकुमार राव और पत्रलेखा को पैरेंट्स बनने पर कुछ यूं दी बधाइयां

Celebs Wishes Rajkummar-Patralekha: बॉलीवुड के खूबसूरत कपल राजकुमार राव और पत्रलेखा के घर बेबी गर्ल ने जन्म लिया। अब दोनों माता-पिता बन गए हैं। इस खुशी के मौके पर सितारे बधाइयां दे रहे हैं। इस कड़ी में फराह खान से लेकर विक्की कौशल, कृति सेनन जैसे आदि सेलेब्स ने उन्हें बधाइयां दी हैं। पढ़िए उन्होंने क्या कहा।अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी-एक्ट्रेस पत्रलेखा हाल ही में माता-पिता बन गए हैं। इस जोड़े ने बेबी गर्ल के रूप में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। इस खुशखबरी के आते ही तमाम सितारे उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।







# पहले दिन अजय की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' ने मारी बाजी

## 'कांथा' ने भी दिखाया दम; जानें बाकी फिल्मों का कलेक्शन

Box Office Collection: शुक्रवार को अजय देवगन की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' और साउथ फिल्म 'कांथा' रिलीज हुई। पहले ही 'हक' के अलावा कुछ और फिल्में सिनेमाघरों में मौजूद हैं। जानिए, शुक्रवार को नई रिलीज और बाकी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन क्या रहा?अजय देवगन की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' को लेकर रिलीज से पहले अच्छा-खासा क्रेज था। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन में भी यह बात साफ नजर आई। अजय की फिल्म ने पहले दिन अच्छा कलेक्शन कर लिया। साथ ही





शुक्रवार को दुलकर सलमान की साउथ फिल्म 'कांथा' भी रिलीज हुई। जानिए, दे दे प्यार दे 2', 'कांथा' ने पहले दिन कितना कमाया। साथ ही बाकी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल है? सैकनिल्क के अनुसार अजय देवगन और रकुल प्रीत स्टारर फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' ने पहले दिन 8.50 करोड़ की कमाई की है।अंशुल शर्मा निर्देशित फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन, रकुल प्रीत के अलावा माधवन भी हैं। फिल्म की कहानी एक एच गैप स्टोरी है। फिल्म में माधवन ने रकुल प्रीत के किरदार के पिता का रोल किया है। वहीं रकुल और अजय देवगन के कैरेक्टर्स के बीच लव स्टोरी दिखाई है।

# 'जिंदगी कैसे बदलती है...', प्रियदर्शन की 'हैवान'

## में हुई इस साउथ सुपरस्टार की एंट्री; निर्देशक ने ऐसे किया वेलकम



Haiwaan Movie: प्रियदर्शन की आगामी फिल्म 'हैवान' अपनी घोषणा के साथ ही चर्चा में बनी हुई है। अब फिल्म में एक बड़े स्टार की एंट्री हुई है। जानिए कौन है वो सुपरस्टार...अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म की शूटिंग अभी जारी है और सेट से कई तस्वीरें भी कास्ट की सामने आ चुकी हैं। प्रियदर्शन की इस फिल्म में अब मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की भी एंट्री हो गई है। ये पहले से ही कहा जा रहा था कि मोहनलाल इस फिल्म का हिस्सा होंगे। अब ये कंफर्म हो गया है कि मोहनलाल फिल्म का हिस्सा हैं और उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद निर्देशक प्रियदर्शन ने दी है।निर्देशक प्रियदर्शन ने अपने इंस्टाग्राम पर 'हैवान' के सेट से एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वो अभिनेता सैफ अली खान और मोहनलाल के साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में उनके साथ एक चाइल्ड आर्टिस्ट भी नजर आ रही है। इस तस्वीर को साझा करते हुए प्रियदर्शन ने मोहनलाल के लिए एक प्यारा सा नोट भी लिखा है। कैप्शन में प्रियदर्शन ने लिखा, 'जिंदगी को देखो यह कैसे बदलती है। मैं यहां हूं, 'हैवान' के शूटिंग सेट पर, अपने सबसे बड़े क्रिकेट नायकों में से एक और अपने पसंदीदा फिल्म आइकन के बेटे के साथ काम कर रहा हूं। सच में, भगवान दयालु हैं।'

# बच्चों के बीच दिखा सलमान खान का क्रेज



Salman Khan Share Dabangg Tour: इन दिनों सलमान खान दबंग टूर के सिलसिले में कतर में मौजूद हैं। हाल ही में इस टूर से उनके कुछ वीडियो वायरल हुए। एक वीडियो में भाईजान को देखकर छोटे बच्चे क्रेजी हो गए। वहीं सलमान ने भी दबंग टूर रिहर्सल का वीडियो पोस्ट किया है। सलमान खान 'बिग बॉस 19' की होस्टिंग को ब्रेक देकर दबंग टूर पर निकल पड़े हैं। उनकी जगह शो को अब रोहित शेट्टी होस्ट कर रहे हैं। दबंग टूर के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इन वीडियो में उनके लिए फैंस की दीवानी साफ नजर आ रही है। साथ ही दबंग टूर की तैयारियों सलमान खान भी खूब पसीना बहा रहे हैं। जानिए, इन वायरल वीडियो में क्या खास दिखा। सोशल मीडिया पर सलमान खान का एक वीडियो वायरल है, जिसमें बच्चों की भीड़ एक्टर को देखकर एक्साइटेड नजर आई। बच्चे सलमान का नाम पुकारते दिखे, साथ ही भाईजान से हाथ मिलाने को भी बेताब नजर आए। सलमान ने भी बच्चों को निराश नहीं किया और सबसे हाथ मिलाने की कोशिश की। सलमान ने बच्चों को 'हैप्पी चिल्ड्रेंस डे' भी कहा। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह दबंग टूर के लिए डांस रिहर्सल कर रहे हैं। इस डांस रिहर्सल में तमन्ना भाटिया, जैकलीन फर्नांडिस भी दिखीं, दोनों एक्ट्रेस अपनी स्टेज परफॉर्मेंस की तैयारियां कर रही हैं। मनीष पॉल को भी स्टेज पर देखा गया, वह दबंग टूर के प्रोग्राम को होस्ट करेंगे। सलमान खान के करियर फ्रंट की बात करें वह एक फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' कर रहे हैं। इस फिल्म में वह एक आर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म की काफी शूटिंग सलमान खान कर चुके हैं।

सलमान खान के करियर फ्रंट की बात करें वह एक फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' कर रहे हैं। इस फिल्म में वह एक आर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे।

# AFCAT 2026: आज से करें वायु सेना

## आज से करें वायु सेना कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए पंजीकरण, 328 पदों पर इस दिन तक आवेदन करने का मौका




AFCAT 2026: भारतीय वायु सेना की ओर से वायु सेना कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए पंजीकरण आज शुरू हो रहा है। 328 पदों के लिए 14 दिसंबर, 2025 तक आवेदन विंडो खुली रहेगी। परीक्षा 31 जनवरी, 2026 को आयोजित होने वाली है।भारतीय वायु सेना (IAF) ने आज, 17 नवंबर, 2025 से वायु सेना कॉमन एडमिशन टेस्ट (AFCAT) 2026 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंडियन एयर फोर्स में अधिकारी के रूप में करियर बनाने के इच्छुक उम्मीदवार अब आधिकारिक पोर्टल afcat.edcil.co.in के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।इस परीक्षा के माध्यम से फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (तकनीकी और गैर-तकनीकी) शाखाओं में कुल 328 रिक्तियों को भरा जाएगा। परीक्षा 31 जनवरी, 2026 को आयोजित होने वाली है। आवेदन विंडो केवल 14 दिसंबर, 2025 तक ही खुली रहेगी।जनवरी, 2027 तक 20 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसका मतलब है कि उनका जन्म 2 जनवरी, 2003 और 1 जनवरी, 2007 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हुआ होगा। डीजीसीए (भारत) द्वारा जारी वैध और वर्तमान वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) धारक उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में 26 वर्ष तक की छूट मिल सकती है। उनका जन्म 2 जनवरी 2001 और 1 जनवरी 2007 के बीच हुआ होना चाहिए। तक 20 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इसका अर्थ है कि जन्मतिथि 2 जनवरी, 2001 और 1 जनवरी, 2007 के बीच होनी चाहिए।शैक्षिक योग्यता, शारीरिक मानकों और सटीक चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, उम्मीदवारों को नियमित रूप से अपडेट के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।सभी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 550 रुपये + लागू जीएसटी है। भुगतान केवल क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करके एकीकृत भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन किया जाना चाहिए।उम्मीदवार एफकैट 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए इस सरल गाइड का पालन कर सकते हैं:सबसे पहले आधिकारिक एफकैट पोर्टल afcat.edcil.co.in पर जाएं।भविष्य के सभी संदर्भों और पत्राचार के लिए जमा किए गए आवेदन पत्र की एक मुद्रित हार्ड कॉपी अपने पास रखें।आवेदन पत्र की एक मुद्रित हार्ड कॉपी अपने पास रखें।

# Business Roundup:

## लगातार चौथे दिन गिरा शेयर बाजार; सोना-चांदी रिकॉर्ड हाई से नीचे, यहां पढ़ें कारोबार की खबरें




Business Roundup: बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। इस बीच, रुपया शुरुआती निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। बिजनेस राउंडअप में पढ़ें कारोबार जगत की खबरें एक ही क्लिक में। भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ी कई खबरें मंगलवार को कारोबार जगत की सुर्खियां बनीं। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आ गई हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी। आइए बिजनेस राउंडअप में इन खबरों पर विस्तार से एक नजर डालें।विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट

# Gold Silver Price:

## सोना 1500 रुपये गिरकर 1.29 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर, जानें चांदी का हाल



सोने की कीमत मंगलवार को 1,200 रुपये की गिरावट के साथ 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी भी 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 1,200 रुपये की गिरावट के साथ 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत 1,200 रुपये की गिरावट के साथ 1,23,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। वहीं चांदी भी 2,500 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की टिप्पणियों से अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की उम्मदें धूमिल हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि मजबूत डॉलर और फेडरल रिजर्व के कई अधिकारियों की आक्रामक टिप्पणियों के कारण मंगलवार को सोने में गिरावट आई। अधिकारियों ने अगले महीने ब्याज दरों में कटौती की संभावना को खारिज कर दिया।डॉलर सूचकांक, जो छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापता है, 0.12 प्रतिशत बढ़कर 99.99 पर पहुंच गया, जो तीन महीने का उच्चतम स्तर है, जिससे कीमती धातुओं पर भी दबाव पड़ा।

# Crude Oil

## रूस पर अमेरिका के प्रतिबंधों से कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से अधिक उछाल, बाजार में हलचल



अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया।यूक्रेन में शांति समझौते पर बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने के प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की सभी संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमतें 2.56 डॉलर या 4.40 फीसदी के उछाल के साथ 61.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं।अमेरिका से पहले ब्रिटेन ने भी पिछले सप्ताह रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने भी रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 19वें पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें रूसी एलएनजी के आयात पर पाबंदी लगाना भी शामिल है। यूबीएस के विश्लेषक जियोवानी स्टानोवो ने कहा, वैश्विक तेल बाजारों पर इन प्रतिबंधों का पड़ने वाला असर इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत कैसी प्रतिक्रिया देता है और क्या रूस को वैकल्पिक खरीदार मिलते हैं।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612


















## IPL 2026: मैक्सवेल का फ्लॉप शो बना मुसीबत!

# PBKS ने किया रिलीज, तीन और खिलाड़ियों को दिखाया बाहर का रास्ता



आईपीएल 2025 में मैक्सवेल का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। सात मैचों में वह केवल 48 रन बना सके और चार विकेट हासिल कर पाए। इसी दौरान उन्हें अंगुली में चोट लगी, जिसके चलते वह बाकी टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। अब टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया है।पंजाब किंग्स ने बड़ा फैसला लेते हुए शुक्रवार को दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को टीम से बाहर कर दिया। फ्रेंचाइजी ने अगले महीने होने वाली मिनी नीलामी से पहले मैक्सवेल के साथ आरोन हार्डी, भारत के तेज गेंदबाज कुलदीप सेन और विकेटकीपर-बल्लेबाज विष्णु विनोद को भी रिलीज कर दिया।आईपीएल 2025 में मैक्सवेल का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। सात मैचों में वह केवल 48 रन बना सके और चार विकेट हासिल कर पाए। इसी दौरान उन्हें अंगुली में चोट लगी, जिसके चलते वह बाकी टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह ऑस्ट्रेलिया के मिचेल ओवेन को टीम में शामिल किया गया था।आरोन हार्डी को पंजाब किंग्स ने 1.25 करोड़ रुपए में खरीदा था लेकिन वह एक भी मैच खेलने का मौका नहीं पा सके। वहीं, कुलदीप सेन और विष्णु विनोद भी पूरे सीजन बेंच पर बैठे रहे और मैदान पर उतरने का अवसर नहीं मिला। बता दें कि, आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी 16 दिसंबर को अबू धाबी में आयोजित की जाएगी, जहां पंजाब किंग्स इन खाली स्लॉट को भरने की कोशिश करेगी

## सभी टीमें आज जारी करेंगी रिटेन-रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची, कौन रहेगा बरकरार और किसका छूटेगा साथ




आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने की उम्मीद है। नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।आईपीएल 2026 के सत्र के लिए सभी 10 टीमों ने कमर कस ली है और इससे पहले होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी को रिटेन या रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने ये सूची जारी करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर रखी है। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने की उम्मीद है। नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। पिछले साल हुए मेगा नीलामी के उलट फ्रेंचाइजी जितने चाहे खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज कर सकती हैं। टीमें अपनी इच्छानुसार अपनी टीम में बदलाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 120 करोड़ रुपये के पर्स की सीमा का ध्यान रखना होगा। प्रत्येक टीम अधिकतम 25 खिलाड़ियों को ले सकती है, जिसमें अधिकतम आठ विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। टीमें अन्य फ्रेंचाइजी के साथ खिलाड़ियों ट्रेड भी कर सकती हैं। ऐसे मामलों में जहां अलग-अलग मूल्य के खिलाड़ियों ट्रेड किया जाता है, उस स्थिति में उच्च मूल्य वाले खिलाड़ी को लेने वाली फ्रेंचाइजी को शेष राशि का भुगतान करना होता है। खिलाड़ियों को कैश डील से भी ट्रेड किया जा सकता है जहां खिलाड़ी को एक्सचेंज फीस के भुगतान पर ट्रेड किया जा सकता है।आईपीएल के नियमनुसार सीजन समाप्त होने के तुरंत बाद ट्रेड विंडो खुल जाता है और नीलामी के एक सप्ताह पहले तक टीमें ट्रेड कर सकती हैं। नीलामी के बाद ट्रेड विंडो आईपीएल सीजन शुरू होने के एक महीने पहले तक दोबारा खुली रहती है। हालांकि, मिनी नीलामी में खरीदे गए खिलाड़ियों को टीमें ट्रेड नहीं कर सकती हैं। मुंबई इंडियंस ने ऑलराउंडर शेरफाने रदरफोर्ड को गुजरात टाइटंस से 2.6 करोड़ रुपये में ट्रेड किया है।डेवोन कॉनवे और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की राहें जुदा हो चुकी हैं। सीएसके ने हालांकि, आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन कॉनवे ने इसकी पुष्टि कर दी है। सीएसके ने कॉनवे को 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का

# दूसरे दिन के पहले सत्र का खेल समाप्त

## भारत द.अफ्रीका से 21 रन पीछे; जडेजा-जुरेल क्रीज पर



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। भारत ने शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 159 रन पर ढेर कर दी थी। अब भारतीय टीम की नजरें बड़ी बढ़त लेने पर टिकी हुई हैं।भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने लंच ब्रेक तक पहली पारी में चार विकेट पर 138 रन बनाए हैं और वह फिलहाल दक्षिण अफ्रीका से 21 रन पीछे चल रहा है। फिलहाल रवींद्र जडेजा 11 रन और ध्रुव जुरेल पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने दूसरे दिन पहले सत्र में वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल और ऋषभ पंत के विकेट गंवाए। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि कप्तान शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा है।दूसरे दिन केएल राहुल और वाशिंगटन ने टीम की पारी आगे बढ़ाई और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। वाशिंगटन के आउट होने के साथ ही इस साझेदारी का अंत हुआ। वाशिंगटन 82 गेंदों पर 29 रन बनाकर आउट हुए। वाशिंगटन के आउट होने के बाद गिल क्रीज पर उतरे थे। उन्होंने मैदान पर आते ही चौके के साथ खाता खोला, लेकिन उनके गर्दन में दर्द होने लगा। इसके बाद फिजियो मैदान पर आए और गिल उनके साथ मैदान से बाहर चले गए। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में तीसरा झटका लगा है। केएल राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन केशव महाराज के रूप में स्लिप में कैच थमा बैठे। राहुल 119 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। भारत को ऋषभ पंत के रूप में चौथा झटका लगा जो 24 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हो गए हैं। पंत तेजी से बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। भारत को ऋषभ पंत के रूप में चौथा झटका लगा जो 24 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हो गए हैं। पंत तेजी से बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। अब क्रीज पर जडेजा के साथ ध्रुव जुरेल मौजूद हैं। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में तीसरा झटका लगा है। केएल राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन केशव महाराज के रूप में स्लिप में कैच थमा बैठे। राहुल 119 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। क्रीज पर फिलहाल पंत के साथ रवींद्र जडेजा मौजूद हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया है। क्रीज पर फिलहाल केएल राहुल के साथ ऋषभ पंत मौजूद हैं। कप्तान गिल चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं। गिल की चोट कितनी गंभीर है, फिलहाल इसकी जानकारी बीसीसीआई ने नहीं दी है।भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं।

## राजस्थान रॉयल्स और सीएसके बीच डील हुई पक्की

# अब येलो जर्सी में दिखेंगे सैमसन और RR के होंगे जडेजा?



रिपोर्ट की मानें तो सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स को जडेजा और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन दोनों खिलाड़ी मिलेंगे। माना जा रहा है कि रिटेंशन सूची सौंपने से पहले इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है।राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन को लेकर डील पक्की हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैमसन और जडेजा को लेकर दोनों फ्रेंचाइजी स्वैप डील पर सहमत हो गए हैं। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी टीमों को शनिवार तक रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। इससे पहले ही यह खबर सामने आ रही है कि सैमसन और जडेजा को लेकर सीएसके और राजस्थान के बीच डील पक्की हो गई है। रिपोर्ट की मानें तो सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स को जडेजा और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन दोनों खिलाड़ी मिलेंगे। माना जा रहा है कि रिटेंशन सूची सौंपने से पहले इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। सैमसन को सीएसके में शामिल कराने को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। सैमसन 2021 से राजस्थान टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि जडेजा 2012 से सीएसके का हिस्सा हैं और उन्होंने इस टीम के साथ तीन बार खिताब जीता है।कई विशेषज्ञों का मानना है कि सैमसन के बदले जडेजा और करेन को लेना राजस्थान के लिए फायदे का सौदा है। जडेजा और सैमसन की फीस एक समान है, लेकिन करेन 2.4 करोड़ रुपये में रॉयल्स में शामिल होंगे। आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी के सीईओ ने इस बात को चौंकाने वाला बताया कि जडेजा जैसे खिलाड़ी को सीएसके ने आसानी से जाने दिया। आईपीएल 2026 से पहले सीएसके में बड़े बदलाव की तैयारी है, क्योंकि डेवोन कॉनवे ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है। चेन्नई शनिवार को होने वाले रिटेंशन से पहले दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और जेमी ओवरटन को अपनी टीम से रिलीज करने की तैयारी में है। सीएसके के लिए पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा था